MOU : MGUG With IGNTU

दिनांक 27 अप्रैल 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) ने अनुसंधान एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक, मध्यप्रदेश (आईजीएनटीयू) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है । इस ज्ञापन पर हस्ताक्षर एमजीयूजी के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव और अमरकंटक स्थित (आईजीएनटीयू) के कुलसचिव प्रोफेसर एन.एस. हरिनारायण मूर्थि ने किया। इस समझौते के तहत सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में फार्मेसी, पैरामेडिकल, नर्सिंग, योग एवं जैव प्रौद्योगिकी आधारित अनुसंधान एवं शैक्षणिक गतिविधियों के आदान-प्रदान के तहत वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने व कौशल को बढ़ाने के लिए क्षमता विकास और विनिमय कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा, संस्थानों का लक्ष्य इस साझेदारी के माध्यम से संयुक्त अनुसंधान और विकास परियोजनाओं को विकसित और कार्यान्वित करना है।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल बाजपेयी ने संस्थानों के बीच समझौते का स्वागत किया और इसे फार्मेसी, पैरामेडिकल, नर्सिंग, योग एवं जैव प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में शैक्षणिक, अनुसंधान, और प्रशिक्षण गतिविधियों के प्रचार और साझा उद्देश्यों के प्राप्ति के लिए मील का पत्थर बताया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक, मध्यप्रदेश के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) श्री प्रकाश मणि त्रिपाठी ने समझौते का स्वागत करते हुए लक्षित उद्देश्यों के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस समझौते से दोनो संस्थाएं उज्जवल एवं श्रेष्ठ भारत के परिकल्पना को चरितार्थ करते हुए नवाचार व अविष्कार के क्षेत्र में अपना अमुल्य योगदान देंगे।

समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर के समय महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर समझौता समन्वयक व अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. विमल कुमार दूबे, उपकुलसचिव प्रशासन श्री श्रीकान्त, अधिष्ठाता सम्बद्ध स्वास्थ विभाग प्रो सुनील कुमार सिंह, प्राचार्य आयुर्वेद डॉ. मंजूनाथ एन. एस., प्राचार्य फार्मेसी डॉ. शशिकान्त, प्राचार्य पैरामेडिकल रोहित कुमार श्रीवास्तव व उपप्राचार्य नर्सिंग श्रीमति प्रिन्सी जॉर्ज आदि की उपस्थिति रही।

GORAKHNATH UNIVERSITY GORAKHPUR
2021
Memorandum
of
Understanding
Mahayogi Gorakhnath University Gorakhpur

GORAKHNATH UNIVERSITY GORAKHPUR
महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर

MOU SIGNING CEREMONY
Between
University
Pradesh
&

MAHAYOGI GORAKHNATH UNIVERSITY